उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति
दिनांक – 09.08.2025

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा पुलिस कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गई, फरियादियों की समस्याओं को सुनकर निस्तारण के दिए निर्देश।

आज दिनांक- 09.08.2025 को पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी।

पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी शिकायत/समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक महोबा के समक्ष आये थे उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किये/कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा प्राप्त हुई शिकायत के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किये जाने हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।






# महोबा पुलिस



- **पुलिस अधीक्षक महोबा के निर्देशन में जनपद के थानो की एण्टी रोमियों टीमों द्वारा चलाया गया 'मिशन शक्ति' एवं 'शक्ति दीदी' अभियान।**
- **महिलाओं एवं बालिकाओं से वार्ता कर पंपलेट आदि के माध्यम से विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों, गुड टच-बैड टच एवं महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।**

महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा, सम्मान, स्वावलमंबन, सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज दिनांक 09.08.2025 को मिशन शक्ति अभियान (फेज-05) के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा के थाना श्रीनगर एवं महोबकंठ की एण्टी रोमियो टीम द्वारा अपने-अपने क्षेत्र में पड़ने वाले सार्वजनिक स्थलों में जाकर वहां मौजूद बच्चियों तथा महिलाओं एवं बालिकाओं को मिशन शक्ति एवं शक्ति दीदी अभियान के अन्तर्गत जागरुक किया गया साथ ही गुड टच-बैड टच के बारे में भी जानकारी दी गई।

अभियान के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के लिए समर्पित विभिन्न सेवाओं/हेल्पलाईन नम्बरों (ट्वीटर सेवा, डॉयल-112, हेल्प लाइन-181, वुमेन पावर लाइन-1090, चाइल्ड हेल्प लाइन-1098, सी0एम0 हेल्पलाइन-1076, वन स्टॉप सेन्टर-181, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन-102, एंबुलेंस सेवा-108 आदि) तथा जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने पर महिला हेल्प डेस्क आदि के सम्बन्ध में जानकारी देते हुए पंपलेट आदि के माध्यम से जागरुक किया गया तथा महिला केन्द्रित विभिन्न सरकारी योजनाओँ (निराश्रित महिला पेंशन योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढाओ, आयुष्मान योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना आदि) के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए जागरुक किया गया।








## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा ऐतिहासिक कजली मेला एवं जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत ड्यूटी में नामित पुलिस/प्रशासनिक अधिकारियों की पुनः की गई ब्रीफिंग/रिहर्सल, सम्बन्धित को दिये गये आवश्यक दिशा-निर्देश


ऐतिहासिक कजली महोत्सव के दौरान जनपद में अचूक एवं त्रुटि रहित सुरक्षा उपलब्ध कराये जाने हेतु आज दिनांक 09.08.2025 को कीरत सागर अवस्थित कार्यक्रम स्थल में पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कजली मेला महोत्सव को शान्तिपूर्ण व सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था में लगे पुलिस/प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की पुनः की गई ब्रीफिंग/रिहर्सल। ड्यूटी में लगे अधिकारियों/कर्मचारियों को ड्यूटी सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्री प्रबल प्रताप सिंह के नेतृत्व/निर्देशन में सुरक्षा के व्यापक स्तर पर पुलिस व्यवस्थापन किया गया है। सुरक्षा को अचूक बनाये रखने के लिये अस्थायी रूप से एक मेला कोतवाली (प्रभारी निरीक्षक श्री गुलाब त्रिपाठी) तथा तीन अस्थायी चौकियां बनाई गयी हैं। साथ ही सादे वस्त्रों (एल.आई.यू.) में पुलिस बल की तैनाती, विभिन्न परिस्थितियों के लिये **Quick Response Team (QRT)** का गठन, पर्याप्त पुलिस बल को रिज़र्व में रखना, अग्नि सुरक्षा हेतु उच्च क्षमता वाले फायर टेंडर को एलर्ट मोड में रखना तथा आयोजन स्थल के आस-पास यातायात डायवर्जन लागू किया गया है। यातायात व्यवस्था को सुदृढ़ एवं त्रुटिरहित बनाये रखने हेतु यातायात पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यूटी महत्वपूर्ण प्वाइंटों पर लगायी गयी है।

पुनः ब्रीफिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक महोबा ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके ड्यूटी प्वाइंट्स और उन प्वाइंट्स की संवेदनशीलता के विषय में आवश्यक जानकारियां दीं। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी सतर्क रहें, अवांछनीय गतिविधियों पर पैनी नजर रखें, आपसी समन्वय बनाए रखें, पाई गई किसी भी कमी की तत्काल सूचना उच्चाधिकारियों को दें और उसका निवारण सुनिश्चित करें। साथ ही जनता से मधुर व्यवहार रखें और कार्यक्रम के दौरान किसी भी स्तर की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी।







## थाना कोतवाली नगर पुलिस टीम को मिली बड़ी सफलताः-

## – थाना कोतवाली नगर महोबा पुलिस टीम द्वारा चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 03 शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

## -गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से पीली/सफेद धातु के जेवरात बरामद किए गए।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन पर जनपद में चोरी/लूट की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने तथा ऐसी घटनाओं को अंजाम देने वाले शातिर अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वन्दना सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर श्री दीपक दुबे के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली नगर श्री मनीष कुमार पाण्डेय द्वारा गठित उ0नि0 सुभाष चन्द्र के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा दिनांक 03/4.08.25 को बजरिया थाना कोतवाली नगर क्षेत्र व दिनांक 04/05.08.25 को थाना कुलपहाड क्षेत्र में हुई चोरी की घटना के सम्बन्ध में थाना कोतवाली नगर पर पंजीकृत मु0अ0स0 339/2025 धारा 331(4)/305 (क)/317(2) बीएनएस व थाना कुलपहाड़ पर पंजीकृत मु0अ0सं0 211/2025 धारा 331(4)/305 (क)/317(2) बीएनएस से सम्बन्धित 03 नफर अभियुक्तगण क्रमशः 1.अवि अहिरवार उर्फ अभि पुत्र राजू अहिरवार उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम बगरौन थाना चरखारी जनपद महोबा 2.राजू अहिरवार पुत्र बसन्ता उम्र करीब 50 वर्ष निवासी बगरौन थाना चरखारी जनपद महोबा 3.धर्मेन्द्र अहिरवार पुत्र स्व0 फूलचन्द्र उम्र करीब 22 वर्ष निवासी मुहल्ला हटवारा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा को रेलवे अन्डरपास पुल बजरिया के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। जिनके कब्जे से क्रमशः अभि0 अवि/अभि के कब्जे से 01 अदद मंगलसूत्र, 06 अदद मूंगा पीली धातु काली मोतियो से गुहा हुआ, 01 अदद गले का हार पीली धातु मय डोरी के, 01 जोडी पायल सफेद धातु, 01 पर्श काले रंग, 01 अदद स्मार्टफोन व अभि0 राजू के कब्जे से 02 अदद अंगूठी पीली धातु, 01 नथ मय बेसर पीली धातु तथा अभि0 धर्मेन्द्र के कब्जे से 03 जोडी पायल सफेद धातु, 10 जोडी बिछिया सफेद धातु व 01 जोडी हथफूल सफेद धातु बरामद हुए। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 सुभाष चन्द्र चौकी प्रभारी बजरिया
2. हे0कां0 राजकुमार सिंह, 3. हे0कां0 मानिकचन्द्र 4. कां0 हरिओम

### गिरफ्तार अभियुक्त व आपराधिक विवरणः-

1.अवि अहिरवार उर्फ अभि पुत्र राजू अहिरवार उम्र करीब 19 वर्ष निवासी ग्राम बगरौन थाना चरखारी जनपद महोबा का आपराधिक इतिहास मु0अ0सं0 47/24 धारा 379/411 भादवि थाना कोतवाली नगर महोबा व मु0अ0सं0 014/2024 धारा 41/411 भादवि. थाना चरखारी।

2.राजू अहिरवार पुत्र बसन्ता उम्र करीब 50 वर्ष निवासी बगरौन थाना चरखारी जनपद महोबा

3.धर्मेन्द्र अहिरवार पुत्र स्व0 फूलचन्द्र उम्र करीब 22 वर्ष निवासी मुहल्ला हटवारा थाना कोतवाली नगर जनपद महोबा

### बरामद मालः-

01 अदद हार पीली धातु, 02 अदद अंगूठी पीली धातु मय डिब्बी, 01 अदद नथ बेसर पीली धातु मय डिब्बी, 01 जोडी हथफूल सफेद धातु, 04 जोडी पायल सफेद धातु, बिछिया 10 जोडी सफेद धातु, 01 अदद मंगलसूत्र जिसमें एक पैन्डल, 06 अदद मूंगा पीली धातु काली मोतियो से गुहा हुआ, 01 अदद पर्श काले रंग

की जिसके अन्दर 01 आधार कार्ड नगद, 500 रूपये व 04 फोटो पासपोर्ट साइज व 03 अदद स्मार्टफोन एवं 01 अदद कीपैड मोबाइल।



## !! कजली मेला महोत्सव – सुरक्षा व परंपरा का संगम !!

बुंदेलखंड की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा के प्रतीक ऐतिहासिक कजली मेला महोत्सव की भव्य तैयारियों की समीक्षा हेतु, आज दिनांक 09.08.2025 को पुलिस उपमहानिरीक्षक, चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा, श्री राजेश एस. द्वारा जनपद महोबा के मेला परिसर, शोभा यात्रा के निर्धारित मार्गों तथा संबंधित चौकियों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री प्रबल प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक, श्रीमती वंदना सिंह, क्षेत्राधिकारी सदर, श्री दीपक दुबे सहित जनपद के अन्य पुलिस अधिकारीगण उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान डीआईजी महोदय ने मेला स्थल, मार्ग एवं आसपास के क्षेत्रों की सुरक्षा, यातायात तथा भीड़ प्रबंधन को लेकर विस्तृत समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि मेले में आने वाले सभी श्रद्धालुओं एवं आगंतुकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसके लिए व्यापक पुलिस प्रबंध सुनिश्चित किया जाए।

पुलिस अधीक्षक महोबा ने डीआईजी महोदय को आश्वस्त किया कि मेले के सफल एवं सुरक्षित आयोजन हेतु पर्याप्त पुलिस बल, सीसीटीवी कैमरे, महिला सुरक्षा बल तथा अन्य आवश्यक संसाधनों की व्यवस्था की जा रही है।

### इस अवसर पर निम्न महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विशेष बल दिया गया –

मेला परिसर एवं चौकियों का गहन निरीक्षण
मेला स्थल में वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित
पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित
यातायात व्यवस्था की विस्तृत समीक्षा
शोभा यात्रा के निर्धारित मार्ग का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा





